H    DA/5000

# वार्षिक परीक्षा

## विषय-हिन्दी

**समय: 3.00 घंटे**    **कक्षा-9**    **पूर्णांक:70**

(क) प्रश्न पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।

(ख) खण्ड 'अ' में बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड 'व' में वर्णनात्मक प्रश्न है।

(ग) बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर OMR शीट पर तथा वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका पर दीजिए।

## खण्ड-अ

1 . भारतेन्दु युग के निबन्धकार हैं-

(a) बालकृष्ण भट्ट    (b) बाबू गुलाबराय

(c) श्यामसुन्दर दास    (d) रामचन्द्र शुक्ल

2. 'गोदान' किस विधा की रचना है-

(a) कहानी    (b) निबन्ध

(c) उपन्यास    (d) नाटक

3. आदिकाल को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

(a) मध्यकाल    (b) वीरगाथा काल

(c) श्रृंगार काल    (d) युद्धकाल

4. साखी, सवद, रमैनी किसकी रचना है-

(a) धर्मवास    (b) कबीरदास

(c) सुन्दरदास    (d) मूलकदास

modelpaper.info

5. 'श्री रामचरितमानस' किस मापा में लिखा गया?

(a) बघेली
(b) राजस्थानी
(c) अवधी
(d) खड़ीबोली

6. चूरामन के पुत्र का नाम था-

(a) रघुराज सिंह
(b) नर्मदाशंकर
(c) क्रान्तिचन्द्र
(d) इनमें से कोई नहीं

7. विश्वनाथ एवं रेवती परेशान हैं-

(a) गर्मी के कारण
(b) सर्दो के कारण
(c) वर्षा के कारण
(d) अंधेरे के कारण

8. पन्ना उदयसिंह की शय्या पर चन्दन के सुला देती है, क्योंकि-

(a) चन्दन रदय उस पर सोना चाहता था
(b) पन्ना उसे उदयसिह बनाकर बनवीर को धोखा देना चाहती थी।
(c) पन्ना को आशा नहीं थी कि बनवीर चन्दन की हत्या करेगा।
(d) उपर्युक्त सभी विकल्प सत्य।

9. "देखि रूप लोचन ललचाने। हरपे जनु निज निधि पहिचाने।" में निम्नलिखित रस है-

(a) श्रृंगार रस
(b) वीर रस
(c) शान्त रस
(d) करूण रस

10. 'श्रृगार' रस का स्थानी भाव है-

(a) निर्वेद
(b) उत्साह

modelpaper.info

(c) वत्सलता

(d) रति

11. पंक्ति में यथोचित विराम कहते हैं-

(a) लघु

(b) गुरू

(c) यति

(d) गति

12. चारुवन्द्र की चंचल किरणें, खेल रही है जल थल में। उपर्युक्त पंक्ति में अलकार है

(a) अनुप्रास

(b) श्लेष

(c) यमक

(d) रूपक

13. 'बलिष्ट' शब्द अशुद्ध शब्द है, इसका शुद्ध रूप होगा-

(a) बलिस्ट

(b) बलिष्ठ

(c) वलिष्ठ

(d) वलिस्ट

14. 'अस्थि' शब्द का तदद्भव बताइए।

(a) कलश

(b) हड्डी

(c) अश्रु

(d) अग्र

15. निम्न में से 'कामदेव' के पर्यायवाची शब्द कौन से हैं?

(a) अनग, मन्मथ, अतनु

(b) मयक, बिधु, इन्दु

(c) अजर, निर्जर, विबुध

(d) प्रभंजन, पदमान, दात

16. 'सुबोध' का सही विलोम शब्द होगा-

(a) अबोध

(b) दुर्योध

(c) निबोध

modelpaper.info

17. कमल, राजीव, जलज, नलिन आदि कहलाते है-

(a) विलोम
(b) उपसर्ग
(c) पर्यायवाची
(d) प्रत्यय

18. 'महाशयः' का सन्धि विच्छेद बताइए।

(a) महान+आशयः
(b) महा + आशय
(c) महाशय.
(d) महा + आलयः

19. 'रामैः' रूप है राम का-

(a) सप्तमी विभक्ति, द्विवचन

(b) तृतीया विभक्ति, बहुवचन

(c) तृतीया विभक्ति, एकवचन

(d) तृतीया विभक्ति, द्विवचन

20. 'गच्छन्ति' रूप है' गम्' घातु का

(a) लृट लकार प्रथम पुरुष, एकरचन

(b) लट लकार, प्रथम पुरुष, वुहवचन

(c) लृट्लकार , उत्तम पुरुष, एकवचन

(d) लृङ् लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन

**खण्ड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न**

1. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 6

(क) विचार और आधार की दुनिया में इतनी बड़ी क्रांति ले आने वाला यह सन्त इतने मधुर, इतने स्निग्ध, इतने मोहक वचनों का बोलने वाला है। किसी का दिल दुःखाये बिना, किसी पर आघात बिना, कुरुस्कारो को छिन्न करने

modelpaper.info

की शक्ति रखने वाला, नयी संजीवनी धारा से प्राणिमात्र को उल्लसित करने वाला यह सन्त मध्यकाल की ज्योतिष्क मण्डली में  अपनी निराली शोभा से शरत् पूर्णिमा के पूर्णचन्द्र की तरह ज्योतिष्मान् है। आज उत्तको याद आये बिना नहीं रह सकती।

(अ) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ब) गुरुनानक देव ने किस प्रकार दूसरों के बुरे संस्कारो को नष्ट कर दिया?

(स) मध्यकालीन सन्तों के नध्य गुरु नानक किस प्रकार दिखाई पड़ते हैं?

अथवा

(ख) दुनिया में दो अमोघ शक्तियाँ हैं- शब्द और कृति। इसमें कोई शक नहीं है कि शब्दों ने सारी पृथ्वी को हिला दिया। किन्तु अन्तिम शक्ति तो कृति' है, महात्मा जी ने इन दोनो शक्तियों की उपाराना की है। कस्तूरबा ने इन दोनों शक्तियों में से अधिक 'कृति' की शक्ति को माना है।

(अ) शब्द और कृति से लेखक का क्या तात्पर्य है?

(ब) गाँधी जी ने किसकी उपासना की है?

(स) कस्तूरबा कैसी महिला थी?

2. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 6

(क) चारु चन्द की चंचल किरणे, खेल रही है जल थल में।
स्वच्छ चाँदनी दिछी हुई है, अवनि और अम्बर-तल मे।
पुलक प्रकट करती है, धरती, हरित तृणो की नोको से.
मानो झीम रहे है तल भी, मन्द पवन के झोकों से ।।

(अ) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ अथवा शीर्षक एवं कवि का नाम लिखिए।

(ब) प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने किसका वर्णन किया गया है?

modelpaper.info

(स) प्रस्तुत पद्यांश में 'सफेद चादर' की संज्ञा किसे दी गई है?

अथवा

(ख) कदली, सीप भुजंग-मुख, स्वाति एक गुन तीन।

जैसी संगति दैठिए, तैसोई फल दीन ।।

(अ) प्रस्तुत दोहे में किस पर प्रकाश डाला गया है?

(ब) कोई भी व्यक्ति सज्जन और दुर्जन किस प्रकार बन जाता है?

(स) स्वाति नक्षत्र की बूँदों में पानी के गुणों का वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित अवतरण का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 4

स्वामिनः रामकृष्णस्य जन्म बङ्गेषु हुगलीप्रदेशस्य कामारपुकुरस्थाने 1836 ख्रिस्ताब्दे अभवत्। तस्य पितरौ परमधार्मिको आस्ताम्। बाल्यकालादेव रामकृष्णः अद्भुत चरित्रम् अदर्शयत। तदानीमेव ईश्वरे तस्य सहजा निष्ठा अजायत्। ईश्वरस्य आराधनावसरे स सहजे समाधौ अतिष्ठत् ।

अथवा

रामदासः नारायणपुरे निवसति । सः नित्यं ब्राह्मे मुहूर्त उत्थाय नित्यकर्मणि करोति, नारायणं स्मरति, ततः परं पशुभ्यः घासं ददाति। अनन्तरं पुत्रेण सह सः क्षेत्राणि गच्छति। तत्र सः कठिनं श्रमं करोति। तस्य श्रमेण निरीक्षणेन च कृषौ अन्नम् उपत्पद्यते। तस्य पशवः हृष्टपुष्टाः सन्ति गृहमं च धन-धान्यादि पूर्णम् अस्ति ।

4. निम्नलिखित श्लोक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 4

बुद्धिमान नीतिमान् वाग्मी श्रीनाच्छत्रुनिवर्हणः ।

विपलासो महाबाहुः कम्बुग्रीवो नहाहनुः ।।

अथवा

modelpaper.info

चक्षुषा मनसा वाचा कर्मणा च चतुर्विधम्।

प्रसादयति यो लोक तं लोको नु प्रसीदति ॥

5. 'नये मेहमान' एकांकी के प्रमुख पात्र विश्वनाथ का चरित्रांकन कीजिए। 5

6 . निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी दो रचनाओं के नाम लिखिए। 4

(अ) महादेवी वर्मा (ब) प्रेमचन्द (स) प्रतापनारायण मिश्र

7. निम्नलिखित कवियों में से किस एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए। 4

(अ) कबीरदास (ब) मीराबाई (स) मैथिलीशरण गुप्त

8. अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 2

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए। 4

(क) भक्तः ईश्वरं किं याचते ?

(ख) मनुष्याणां भूषणं किमस्ति ?

(ग) रामः कस्मिन् वंशे उत्पन्नः आसीत् ?

10. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किन्हीं दो का अर्थ बनाते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए। 2

(अ) आस्तीन का साँप (ब) एक पंथ दो काज

(स) आपे से बाहर होना (द) अपने मुँह मिया मिट्ठू बनना

11. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए। 4

modelpaper.info

(क) मेरा भाई प्रातः जाएगा। (ख) वह गेंद से खेलता है।

(ग) मीठे वचन से सुख मिलता है। (घ) सौरभ जल में मछली देख रहा है।

12. ग्यारहवीं कक्षा में विज्ञान विषय लेने के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार महोदय को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

अथवा

शुल्क मुक्ति के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

modelpaper.info